# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 19 नवम्बर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इन्दिरा गाँधी की 104वीं जयंती के अवसर पर आज प्रदेश के जिला, ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी स्तर पर स्व. गाँधी के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी, सेमिनार, पुष्पांजलि कार्यक्रम तथा विचार गोष्ठी आदि कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री गोविन्द राम मेघवाल, मंत्री श्री प्रतापसिंह खाचरियावास, मुख्य सचेतक डॉ. महेश जोशी, विधायक श्री बाबूलाल नागर, श्री अमीन कागजी, श्री अमित चाचाण, पूर्व सांसद श्री नमोनारायण मीना, श्री अश्कअली टाक, पूर्व मंत्री श्री बृजकिशोर शर्मा, पूर्व विधायक श्री नवरंग सिंह, श्री दौलतराज नायक, जयपुर हैरिटेज महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर, प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सचिव श्री ललित तूनवाल, सचिव श्री फूलसिंह ओला, श्री जसवंत गुर्जर, श्री महेन्द्र सिंह खेड़ी, बाल कल्याण आयोग की चेयरपर्सन श्रीमती संगीता बेनीवाल, एआईसीसी सदस्य श्री मुमताज मसीह, श्री रणदीप धनकड़, श्री पुखराज पाराशर, डॉ. अर्चना शर्मा, श्री गोपाल केसावत, डॉ. ज्योति खण्डेलवाल, श्री बालकृष्ण खींची, श्री सुशील शर्मा, श्री सुरेश चौधरी, श्री आबिद कागजी, श्री श्रवण तँवर, श्री सुरेन्द्र दादरी, श्री कैलाश सोयल, श्री वीरेन्द्र पूनियां, श्रीमती मंजू शर्मा, श्री बजरंग ककरालिया, श्री अयूब खान, श्री अब्दुल रज्जाक भाटी, श्री सोमेन्द्र शर्मा, श्री परमानंद पंवार, श्री राजेन्द्र सैन, श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी, श्री पुरूषोत्तम भारती, श्री अयूब फुलेरा, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री रियाज फारूकी, श्री कजोड़मल सैनी, श्री दशरथ सिंह, श्री पंकज दाधीच, श्री अशोक सैन, श्री राधाकृष्ण जांगिड़, श्री हरसहाय यादव, श्री मुजीब खान, श्री प्रदीप कलवानियां, श्री शरीफ खान, श्री धनसिंह नरूका, श्री दीपक धीर, श्री बृजकिशोर पाठक, श्री बी.एम. मिश्रा, श्री पुरूषोत्तम कौशिक, श्री ओमप्रकाश जैदिया तथा श्री सत्येन्द्रसिंह जादौन सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने स्व. गाँधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी।

\- - - - - - - - - - - -

Created by Universal Document Converter

# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 19 नवम्बर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पारित तीन काले कृषि कानूनों को वापस लेने की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा देशभर के किसानों की एकता एवं संघर्ष की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा अपने पूंजीपति मित्रों को लाभ पहुँचाने के लिए बिना किसानों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर तीन काले कृषि कानून देश पर थोपे गए थे जिसके विरूद्ध कांग्रेस पार्टी अपने नेता श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में देशभर में किसानों के समर्थन हेतु आंदोलन कर रही थी। उन्होंने कहा कि किसानों की ताकत के आगे मोदी सरकार को झुकना पड़ा तथा अपनी हठधर्मिता को त्याग कर तीन काले कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि एक वर्ष से अधिक समय तक देश के अन्नदाता को सड़कों पर बैठकर आंदोलन चलाना पड़ा जिसमें 700 से अधिक किसानों की शहादत हुई है इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को देश से माफी माँगनी चाहिए।

डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुश्किल घड़ी में किसानों के साथ खड़ी रही तथा आगे भी किसान हित में संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि तीनों काले कृषि कानूनों को वापस लेने का मोदी सरकार का फैसला देश के किसानों एवं आमजनता की जीत है।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को किसानों की एकता एवं संघर्ष के आगे झुकने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि हाल ही देशभर में हुए उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली

2.....

Created by Universal Document Converter

करारी हार तथा पाँच राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तीन काले कृषि कानूनों को वापस लिया है। उन्होंने कहा कि एक वर्ष से अधिक समय से किसान संघर्ष कर रहे है तथा देश के सभी विपक्षी दलों ने केन्द्र सरकार से इन काले कृषि कानूनों को वापस लेने की माँग की थी किंतु प्रधानमंत्री अपनी हठधर्मिता के कारण इन किसान विरोधी कानूनों को वापस नहीं ले रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने इन काले कानूनों को बेअसर करने हेतु राजस्थान विधानसभा में अलग से कानून पारित किए थे, परन्तु उक्त तीनों बिल मंजूरी के लिए राज्यपाल महोदय के पास लम्बित है। उन्होंने कहा कि देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं पर दबाव है। केन्द्र सरकार आमजनता, जनप्रतिनिधियों की सुनवाई नहीं कर रही है जो कि देश के लोकतंत्र के लिए सही दिशा नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने हाल ही में सम्पन्न हुए उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार की कार्यप्रणाली के विरूद्ध आईना दिखाया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के गृह राज्य में सभी सीटों पर भाजपा को करारी हार मिली है तथा राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की जमानत जब्त हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी उत्तरप्रदेश चुनावों में सफलता पाने हेतु सभी तरह के हथकण्डे अपना रही है। देश के गृहमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री चुनाव संचालन हेतु उत्तरप्रदेश में डेरा डाले हुए है तथा प्रधानमंत्री स्वयं चुनाव प्रचार करने हेतु उत्तरप्रदेश जा रहे है, इसलिए जनता की बेरूखी से बचने के लिए मजबूरी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तीनों काले कृषि कानून वापस लेने की घोषणा की है किंतु प्रधानमंत्री देश के सामने अपनी साख को गवाँ चुके है।

\- - - - - - - - - - -

Created by Universal Document Converter